Regarding need to include places in Ramayan circuit associated with Bhagwan Shri Ram in Maharashtra-Laid

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे **(शिर्डी) :** महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख पुराणों में हुआ है । भगवान श्रीराम ने अपनी यात्रा में महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया और इस दौरान वे अकोला के अगस्त्य आश्रम भी गए । इसके अलावा भगवान श्रीराम ने कोपर गांव के पास गोदावरी नदी में अपने पूज्य पिता श्री दशरथ का श्राद्ध किया था और सीताहरण के बाद नासिक में आए थे । जटायु ने उन्हें बताया था कि रावण ने सीता का हरण किया है । भगवान श्रीराम ने अयोध्या जाने के दौरान तीन बार अकोला में अगस्त्य ऋषि के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया था अगस्त्यमुनि के दिए गए बाण से ही भगवान श्रीराम ने महापंडित महाज्ञानी रावण का वध किया था । महाराष्ट्र के उपरोक्त सभी स्थलों के साथ कई स्थलों का महत्त्व रामायण से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के रूप में है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि शिरडी संसदीय क्षेत्र के साथ ही महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण स्थलों को रामायण सर्किट स्कीम में शामिल किया जाए और इस संदर्भ में एक समिति का गठन कर महाराष्ट्र के सभी क्षेत्र स्थलों का सर्वेक्षण करें और उन्हें रामायण सर्किट स्कीम में शामिल करने हेतु आवश्यक कदम उठाए ।